दर्शन-पाठ

Darśana-Pāṭha

कविवर पं. दौलतराम

Kavivara Pt. Daulatarāma

(दोहा)

सकल-ज्ञेय-ज्ञायक तदपि, निजानंद-रस-लीन |
सो जिनेन्द्र जयवंत नित, अरि-रज-रहस-विहीन ||

(dōhā)

Sakala-jñēya-jñāyaka tadapi, nijānanda-rasa-līna |
Sō jinēndra jayavanta nita, ari-raja-rahasa-vihīna ||

जय वीतराग-विज्ञान पूर, जय मोह, तिमिर को हरन सूर |
जय ज्ञान, अनंतानंत धार, दृग-सुख-वीरज-मंडित अपार ||१||

Jaya vītarāga-vijñāna pūra, jaya mōha, timira kō harana sūra |
Jaya jñāna, anantānanta dhāra, dṛga-sukha-vīraja-maṇḍita apāra ||1||

जय परम-शांत मुद्रा समेत, भविजन को निज-अनुभूति हेत |
भवि-भागन वच-जोगे वशाय, तुम ध्वनि ह्वे सुनि विभ्रम नशाय ||२||

Jaya parama-śānta mudrā samēta, bhavijana kō nija-anubhūti hēta |
Bhavi-bhāgana vaca-jōgē vaśāya, tuma dhvani havai suni vibhrama naśāya ||2||

तुम गुण-चिन्तत निज-पर-विवेक, प्रगटे, विघटे आपद अनेक |
तुम जगभूषण दूषण-विमुक्त, सब महिमा-युक्त विकल्प-मुक्त ||३||

Tuma guṇa-cintata nija-para-vivēka, pragaṭē, vighaṭē āpada anēka |
Tuma jagabhūṣaṇa dūṣaṇa-vimukta, saba mahimā-yukta vikalpa-mukta ||3||

अविरुद्ध शुद्ध चेतन-स्वरूप, परमात्म परम-पावन अनूप |
शुभ-अशुभ विभाव अभाव कीन, स्वाभाविक परणतिमय अक्षीण ||४||

Avirud'dha śud'dha cētana-svarūpa, paramātma parama-pāvana anūpa |
Śubha-aśubha vibhāva abhāva kīna, svābhāvika paraṇatimaya akṣīṇa ||4||

All copyrights reserved © 2Alotus

अष्टादश-दोष-विमुक्त धीर, स्व-चतुष्टयमय राजत गम्भीर |
मुनि-गणधरादि सेवत महंत, नव केवल-लब्धि रमा धरंत ||५||
Aṣṭādaśa-dōṣa-vimukta dhīra, sva-catuṣṭayamaya rājata gambhīra |
Muni-gaṇadharādi sēvata mahanta, nava kēvala-labdhi-ramā dharanta ||5||

तुम शासन सेय अमेय-जीव, शिव गये जाहिं जैहें सदीव |
भवसागर में दु:ख क्षार-वारि, तारण को और न आप टारि ||६||
Tuma śāsana sēya amēya-jīva, śiva gayē jāhiṁ jaihēṁ sadīva |
Bhavasāgara mēṁ du:Kha kṣāra-vāri, tāraṇa kō aura na āpa ṭāri ||6||

यह लख निज-दु:ख-गद-हरण काज, तुम ही निमित्त कारण इलाज |
जाने ता तें मैं शरण आय, उचरूं निज-दु:ख जो चिर लहाय ||७||
Yaha lakha nija-du:Kha-gada-haraṇa kāja, tuma hī nimitta kāraṇa ilāja |
Jānē tā teṁ maiṁ śaraṇa āya, ucaruṁ nija-du:Kha jō cira lahāya ||7||

मैं भ्रम्यो अपनपो बिसरि आप, अपनाये विधि-फल पुण्य-पाप |
निज को पर का कर्त्ता पिछान, पर में अनिष्टता इष्ट ठान ||८||
Maiṁ bhramyō apanapō bisari āpa, apanāyē vidhi-phala puṇya-pāpa |
Nija kō para kā karttā pichāna, para mēṁ aniṣṭatā iṣṭa ṭhāna ||8||

आकुलित भयो अज्ञान धारि, ज्यों मृग मृगतृष्णा जानि वारि |
तन-परणति में आपो चितार, कबहूँ न अनुभवो स्वपद-सार ||९||
Ākulita bhayō ajñāna dhāri, jyōṁ mṛga mṛgatṛṣṇā jāni vāri |
Tana-paraṇati mēṁ āpō citāra, kabahūṁ na anubhavō svapada-sāra ||9||

तुमको बिन जाने जो कलेश, पाये सो तुम जानत जिनेश |
पशु-नारक-नर-सुरगति-मँझार, भव धर-धर मर्यो अनंत-बार ||१०||
Tumakō bina jānē jō kalēśa, pāyē sō tuma jānata jinēśa |
Paśu-nāraka-nara-suragati-maṁjhāra, bhava dhara-dhara maryō ananta-bāra ||10||

अब काललब्धि-बल तें दयाल, तुम दर्शन पाय भयो खुशाल |
मन शांत भयो मिट सकलद्वंद, चाख्यो स्वातम-रस दु:ख-निकंद ||११||
Aba kālalabdhi-bala teṁ dayāla, tuma darśana pāya bhayō khuśāla |
Mana śānta bhayō miṭa sakaladvanda, cākhyō svātama-rasa du:Kha-nikanda ||11||

All copyrights reserved © 2Alotus

ता तें अब ऐसी करहु नाथ, बिछुड़े न कभी तुम-चरण साथ |
तुम गुण-गण को नहिं छेव देव, जगतारण को तुम विरद एव ||१२||
Tā tēṁ aba aisī karahu nātha, bichuṛē na kabhī tuma-caraṇa sātha |
Tuma guṇa-gaṇa kō nahiṁ chēva dēva, jagatāraṇa kō tuma virada ēva ||12||

आतम के अहित विषय-कषाय, इनमें मेरी परणति न जाय |
मैं रहूँ आप में आप लीन, सो करो होऊँ मैं निजाधीन ||१३||
Ātama kē ahita viṣaya-kaṣāya, inamēṁ mērī paraṇati na jāya |
Maiṁ rahūṁ āpa mēṁ āpa līna, sō karō hō'ūṁ Maiṁ nijādhīna ||13||

मेरे न चाह कछु और ईश, रत्नत्रय-निधि दीजे मुनीश |
मुझ कारज के कारण सु आप, शिव करहु हरहु मम मोह-ताप ||१४||
Mērē na cāha kachu aura iśa, ratnatraya-nidhi dījē munīśa |
Mujha kāraja kē kāraṇa su āpa, śiva karahu harahu mama mōha-tāpa ||14||

शशि शांतिकरण तपहरण-हेत, स्वयमेव तथा तुम कुशल देत |
पीवत पियूष ज्यों रोग जाय, त्यों तुम अनुभव तें भव नशाय ||१५||
Śaśi śāntikaraṇa tapaharaṇa-hēta, svayamēva tathā tuma kuśala dēta |
Pīvata piyūṣa jyōṁ rōga jāya, tyōṁ tuma anubhava teṁ bhava naśāya ||15||

त्रिभुवन तिहुँकाल मँझार कोय, नहिं तुम बिन निज-सुखदाय होय |
मो उर यह निश्चय भयो आज, दु:ख-जलधि-उतारन तुम जहाज ||१६||
Tribhuvana tihuṁkāla maṁjhāra kōya, nahiṁ tuma bina nija-sukhadāya hōya |
Mō ura yaha niścaya bhayō āja, du:Kha-jaladhi-utārana tuma jahāja ||16||

(दोहा)
तुम गुणगण-मणि गणपति, गणत न पावहिं पार |
'दौल' स्वल्पमति किम कहे, नमहुँ त्रियोग सम्हार ||
(Dōhā)
Tuma guṇagaṇa-maṇi gaṇapati, gaṇata na pāvahiṁ pāra |
'Daula' svalpamati kima kahē, namahuṁ triyōga samhāra ||

* * * A * * *

All copyrights reserved © 2Alotus